सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5984	24.10.2020	26.10.2020	**Fatehabad Haryana**	www.jagran.com/Hindi https://www.jagran.com/haryana/fatehabad-chikungunya-got-first-case-after-four-years-in-the-district-two-dengue-patients-also-came-20942664.html
Title:	**Chikungunya or Dengue cases reported in district Fatehabad, Haryana**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- **Fatehabad**, SSU- **Haryana**			

पिछले छह महीनों से जिले में कोरोना का कहर जारी है। लेकिन अब डेंगू ने भी पांव पसारने शुरू कर दिए है। वहीं चार साल बाद चिकनगुनिया का पहला मरीज भी जिले में मिल चुका है। जिससे स्वास्थ्य विभाग की मुश्किलें बढ़ा दी है। ऐसे में अब पूरे जिले में सर्वे करवाया जाएगा और डेंगू के सर्वे के साथ चिक्नगुनिया के सैंपल लिए जाएंगे। पिछले कुछ दिनों से जिले में हर दूसरे दिन डेंगू के मरीज मिल चुके हैं। शुक्रवार को टोहाना में दो डेंगू के मरीज मिले है। इससे पहले फतेहाबाद व रतिया में डेंगू के मरीज आ चुके हैं।

पिछले कुछ दिनों से सर्दी ने दस्तक दे दी है। लेकिन मच्छर का प्रकोप भी अधिक हो गया है। डेंगू का मच्छर दिन में काटता है और साफ पानी में पनपता है। ऐसे में हर कोई इसका ध्यान भी नहीं कर रहा है। जिले में अब डेंगू के मरीजों की संख्या

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

9 हो गया है। वहीं पांच ऐसे मरीज भी मिले हे जो पंजाब क्षेत्र के है लेकिन अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए फतेहाबाद में आए थे। यह आंकड़ा अब पंजाब में दर्ज होगा। लेकिन मरीज जिले से 14 मिल चुके है जिससे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिता में डाल दिया है।

चार साल बाद चिकनगुनिया का मरीज मिला

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की माने तो जिले में वर्ष 2016 में चिकनगुनिया के तीन मरीज मिले थे। चार साल बाद जिले में यह पहली बार है जब इस बीमारी का मरीज मिला है। यह मरीज थेड़ी गांव से मिला है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंच गई है। पूरे गांव में सर्वे करवाया जा रहा है। डेंगू के सैंपल लिए जा रहे है। अब स्वास्थ्य विभाग कोरोना के साथ डेंगू के बचाव के बारे में जागरूक कर रहा है।

टोहाना में शुक्रवार को मिले 2 नए डेंगू के मरीज

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना के साथ-साथ डेंगू व चिकनगुनिया, मलेरिया व टीबी के लिए चलाए गए सर्वे अभियान के तहत शुक्रवार को 2 व्यक्तियों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। बताया जाता है कि दो दिन पहले स्वास्थ्य विभाग ने शिवा गली में सर्वे अभियान शुरू किया था। जिसमें संदिग्ध रोगियों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गये थे। शुक्रवार को उन सैंपलों की आई रिपोर्ट में दो व्यक्ति डेंगू पॉजिटिव पाये गये थे। जबकि वह दोनों स्वस्थ बताए गये हैं। इस संदर्भ में एसएमओ डा. सागु ने बताया कि शिवा गली में फोगिग करवाई जाएगी।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर